भारत सरकार

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-442

उत्तर देने की तारीख - 23/07/2025

महिला महाविद्यालयों में एआई सेंटर

#442. श्री नीरज डांगी:

क्या कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा किन-किन राज्यों के महिला महाविद्यालयों में एआई सेंटर खोलने की घोषणा की गई है;

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा एआई आधारित सेंटरों से कितने महाविद्यालयों को जोड़ने का लक्ष्य रखा है; और

(ग) इन एआई सेंटर द्वारा महिलाओं को किन क्षेत्रों में प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा गया है और इस प्रयोजन के लिए खर्च की जाने वाली धनराशि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) से (ग) अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई), शिक्षा मंत्रालय के तहत एक सांविधिक निकाय, तकनीकी संस्थानों, विश्वविद्यालयों के रूप में माने जाने वाले संस्थानों और पृथक (स्टैंडअलोन) संस्थानों को डिप्लोमा, स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर तकनीकी शिक्षा में पाठ्यक्रम संचालित करने की मंजूरी देता है। एआईसीटीई देश में तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता को नियंत्रित और बनाए रखता है। तकनीकी शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को बढ़ावा देने के लिए, एआईसीटीई ने गैर-कंप्यूटर विज्ञान शाखाओं सहित स्नातक और स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में मुख्य (कोर) और वैकल्पिक एआई पाठ्यक्रम शुरू किए हैं। इन उभरती प्रौद्योगिकियों में संकाय के उन्नयन को सक्षम करने के लिए, एआई पर संकाय विकास कार्यक्रम और कार्यशालाएं भी शुरू की गई हैं। इसके अलावा, कैंपस और छात्र जुड़ाव को बढ़ावा देने के लिए, एआईसीटीई प्रतिस्पर्धी (हैकथॉन) कार्यक्रम करता है जो एआई जागरूकता, सहकर्मी शिक्षण और व्यावहारिक अनुभव की सुविधा प्रदान करता है । एआईसीटीई प्रतिभाशाली महिला इंजीनियरिंग छात्राओं को प्रगति और

सरस्वती जैसी छात्रवृत्तियां भी प्रदान करता है, जिससे इन विषयों में महिलाओं के लिए सहायक वातावरण तैयार किया जा सके ।

उपरोक्त के अलावा, एमएसडीई ने अप्रैल 2025 में एआई करियर फॉर वीमेन पहल भी शुरू की है, जिसके अंतर्गत दो वर्षों की अवधि में 8000 लड़कियों को प्रशिक्षण देना और उनके लिए आर्थिक अवसर सृजित करना कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है । इसके अतिरिक्त, एमएसडीई की पीएमकेवीवाई 4.0 योजना के अंतर्गत, दिनांक 30.06.2025 तक एआई से संबंधित नौकरी भूमिकाओं में प्रशिक्षित/अभिविन्यस्त और प्रमाणित उम्मीदवारों का जेंडर-वार, नौकरी-भूमिका-वार ब्यौरा **अनुलग्नक-I** में दिया गया है।

अनुलग्नक - I

महिला महाविद्यालयों में एआई केंद्रों के संबंध में दिनांक 23.07.2025 को राज्य सभा में उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 442 के भाग (क से ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

दिनांक 30.06.2025 तक की स्थिति के अनुसार पीएमकेवीवाई 4.0 के तहत एआई से संबंधित नौकरी भूमिकाओं में प्रशिक्षित/अभिविन्यस्त और प्रमाणित उम्मीदवारों का जेंडर-वार, जॉब रोल-वार विवरण निम्नानुसार है:

	प्रशिक्षित / अभिविन्यस्त		**प्रमाणित**	
जॉब रोल का नाम	**महिला**	**पुरुष**	**महिला**	**पुरुष**
एआई - बिजनेस इंटेलिजेंस विश्लेषक	1,197	1,534	635	719
एआई - डेटा आर्किटेक्ट	893	414	381	131
एआई - डेटा इंजीनियर	529	656	287	256
एआई - डेटा गुणवत्ता विश्लेषक	4,246	2,913	2,807	1,920
एआई - डेटा वैज्ञानिक	1,985	1,966	1,327	1,174
एआई - डेटाबेस प्रशासक	3,450	2,584	1,916	1,500
एआई – डेव ओप्स इंजीनियर	2,116	2,189	1,706	1,780
एआई - मशीन लर्निंग इंजीनियर	3,808	3,988	2,849	2,637
एआई – सोलुशन आर्किटेक्ट	77	164	50	65
एआई और एमएल - जूनियर टेलीकॉम डेटा विश्लेषक	84	170	61	119
एआई डिवाइस इंस्टॉलेशन ऑपरेटर	77	88	46	39
फार्मा कोविजिलेंस केस- प्रोसेसिंग (एआई टूल्स सहित सॉफ्टवेयर का उपयोग करके घटनाएं/प्रतिकूल घटनाएं)	936	520	830	455
कुल	**19,398**	**17,186**	**12,895**	**10,795**

*****